Reg. No. | | | | | | | | |

BSCHDLN 201

II Semester B.Sc. Degree Examination, September 2022
(NEP-2020) (2021-22 Batch Onwards)
LANGUAGE HINDI
(Group – III) (Paper – II) (AECC)

Time : 2 Hours Max. Marks : 60

I. **एक** शब्द या **एक** वाक्य में उत्तर लिखिए । **(10×1=10)**

1) कुब्जा ने किसकी पूजा में जन्म गँवाया था ?

2) हमें कैसा फल खाना है ?

3) नदी के ऊपर कौन-सा पक्षी उड रहा है ?

4) अंधे धृतराष्ट्र के अंदर क्या प्रवेश कर गयी थी ?

5) कौन मुखौटे पहने हुए हैं ?

6) ''विद्रोहिणी'' कविता किस काव्य संग्रह से लिया गया है ?

7) बच्चे की माँ क्या फेंकने बाहर आयी थी ?

8) स्वर्ग क्या हो सकता है ?

9) ''कुब्जा'' कविता के कवि कौन है ?

10) क्या अचेत हो जाया करती है ?

II. अ) किसी **एक** की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए । **(1×5=5)**

1) देखा मैने, देव आज ही मेरे आगे आया;
अब तक दानव-पूजन में ही मैंने जन्म गँवाया ।
मैं ऊँची न हो सकी, फिर भी हिलते हाथ बढाए;
माथे पर चन्दन, चरणों पर मैंने फूल चढाए ।।

2) लगता है । प्रजातंत्र का रथ
उतर गया है पटरी से
लगता है । सारी-की-सारी पार्टियों के नेता
रुचिपूर्वक खेल रहे हैं
दलीय स्वार्थों के शतरंज ।।

P.T.O.

आ) किसी **एक** की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए । **(1×5=5)**

1) सोचा ना, पाऊँगा इतना धोखा
विश्वास करके, पाया सिर्फ धोखा,
हर कोई, अपना सीधा करने में लगा,
बड़े से बड़ा भी, सिर्फ़ धोखा देने में लगा ।

2) यह बात फैलते-फैलते अखबार वालों तक
इस तरह पहुँची कि किसी ने नगर की
सँकरी-गंदी-गली में रोता हुआ बच्चा छोड दिया है
सौभाग्य से उन दिनों नगर में दूरदर्शन नहीं था ।

III. अ) किसी **एक** प्रश्न का उत्तर लिखिए । **(1×10=10)**

1) ''कुब्जा'' कविता का सार लिखकर कवि के संदेश को स्पष्ट कीजिए ।
2) ''हम भी साझीदार थे'' कविता का सारांश लिखकर उसकी विशेषताओं पर प्रकाश डालिए ।

आ) किसी **एक** प्रश्न का उत्तर लिखिए । **(1×10=10)**

1) ''कहाँ नहीं पड़ती है किस पर'' कविता का सारांश लिखिए ।
2) ''वह तो अच्छा हुआ'' कविता का सार लिखकर कवि के आशय को स्पष्ट कीजिए ।

IV. किन्हीं **दो** प्रश्नों का उत्तर लिखिए । **(2×5=10)**

1) लिंग की परिभाषा लिखकर उसको पहचानने के चार नियमों को उदाहरण सहित समझाइए ।
2) वचन की परिभाषा के साथ उसे पहचानने के नियमों को सोदाहरण लिखिए ।
3) वाच्य किसे कहते हैं ? उसे बदलने के नियमों को सोदाहरण समझाइए ।
4) काल किसे कहते हैं ? परिभाषा के साथ उसके मुख्य भेदों को उदाहरण सहित समझाइए ।

V. अ) वाच्य बदलिए । **(5×1=5)**

1) सुधा गाना गाती है ।
2) बच्चे से बोला जाएगा ।
3) नौकर चलता है ।
4) वह पुस्तक लाया ।
5) लडका दौडता है ।

आ) पद परिचय दीजिए । **5**

राधिका कविता लिखती है ।